हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

NEWS

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–35 : जौनपुर, सोमवार 26 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 5 कालिदास मार्ग लखनऊ से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर गोरखपुर मंडल आयुक्त सभागार में एडीजी जोन डीआईजी गोरखपुर परीक्षेत्र गोरखपुर कमिश्नर डीएम एसएसपी सीडीओ सहित जनपद के आला अधिकारियों को शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ होने के पूर्व संध्या पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विजयदशमी पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दीये।कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को फील्ड के अफसरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक की और उन्हें सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। सीएम योगी ने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति को निरंतर सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस बल फुल पेट्रोलिंग करें और पीआरवी–112 एक्टिव रहे उन्होंने कहा कि छोटी–छोटी घटनाओं के प्रति सतर्क दृष्टि बनाकर रखी जाए ऐसी घटनाओं में तुरंत आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे वह गंभीर रूप ना लेने पाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति पुलिस निरंतर संवेदनशील रहे महिलाओं के विरुद्ध अपराध की घटनाओं में सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए महिलाओं



के विरुद्ध अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए. वहीं, ड्रग माफिया और अवैध शराब कारोबार भू माफियाओं के प्रति निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रखी जाए सीएम ने कहा कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए अपराधी किस्म के व्यक्तियों के ऊपर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए जनसमस्याओं का समाधान संवेदनशीलता और प्रभावी कार्रवाई के साथ हो। वीडियो कांफ्रेंसिंग में प्रमुख रूप से एडीजी जोन अखिल कुमार डीआईजी गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर जे रविंदर गौड कमिश्नर रवि कुमार एनजी जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर जीडीए उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर जीडीएस सचिव उदय प्रताप सिंह सी डी ओ संजय कुमार मीना अपार आयुक्त अजय कांत सैनी अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता सीएमओ आशुतोष दुबे डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सरकारी अस्पताल की दवाएं बेचने और धोखाधड़ी के मामले में दो फार्मासिस्ट गिरफ्तार : एक की तलाश जारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सराय ख्वाजा थाना अंतर्गत पुलिस ने सरकारी दवाओं का धोखाधड़ी से विक्रय करने वाले दो अभियुक्तों को रविवार को गिरफ्तार करते हुए चालान कर जेल भेज दिया है। पूर्व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल ने सरकारी अस्पताल की दवा एक मेडिकल स्टोर पर बेचने की शिकायत मिलने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने करंजकला ब्लॉक स्थित एक मेडिकल स्टोर की दुकान पर छापेमारी कर लगभग 12 लाख की सरकारी अस्पताल की दवा पकड़ी थी। जिसमें अस्पताल के तीन फार्मासिस्ट की संलिप्तता पाई गई थी। मजिस्ट्रेट ने अस्पताल के तीन फार्मासिस्ट पर मुकदमा दर्ज कराते हुए शासन से पत्र लिखकर कार्रवाई की सनसुस्ति की थी। सराय ख्वाजा स्थित करंजकला ब्लॉक के पास एक मेडिकल स्टोर पर सरकारी अस्पताल की दवा पाए जाने के मामले को लेकर 3 फार्मासिस्ट के खिलाफ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया था इसमें पुलिस ने छापेमारी कर दो फार्मासिस्ट संजय कुमार सिंह 53 वर्ष पुत्र स्वर्गीय हरीश चंद्र सिंह निवासी विसावा थाना सिकरारा व अखिलेश उपाध्याय 54 वर्ष पुत्र त्रिलोकी नाथ उपाध्याय निवासी परशुरामपुर थाना बक्सा मुख्य फार्मासिस्ट जिला चिकित्सालय जौनपुर को दोनो के आवास से गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में रविवार को जानकारी देते हुए



सीओ सदर संत प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि 5 मार्च को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल द्वारा करंजकला ब्लॉक स्थित आर्यन मेडिकल स्टोर से 17 बोरी सरकारी दवाई बरामद की गई थी जिस दवा पर लिखा गया था कि नॉट फॉर सेल उसी मामले में जिला अस्पताल के तीन चीफ फार्मासिस्ट का नाम प्रकाश में आया था और मुकदमा सराय ख्वाजा थाने में दर्ज कराया जाए विवेचना के दौरान मामला सही पाया गया दो फार्मासिस्ट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया एक फार्मासिस्ट की तलाश जारी है। विदित हो कि उक्त फार्मासिस्ट बीते लगभग 20 वर्षों से जिला अस्पताल में अंगद के पाव की तरह जमे हुए थे। इनके ऊपर किन सफेदपोश नेताओं का हाथ था यह भी जांच पड़ताल होने का विषय है। अभी जिला अस्पताल में कई ऐसे फार्मासिस्ट और डॉक्टर हैं जो काफी लंबे समय से सफेदपोश नेताओं की गणेश परिक्रमा कर जमे हुए हैं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## पीपीए गोला तहसील की बैठक संपन्न

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन तहसील–गोला की बैठक कैम्प कार्यालय गोला पर रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पीपीए के प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम



कसौधन व विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री जे.पी. कुशवाहा तथा अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष गोला राजेश शर्मा ने किया। बैठक मे संगठन के सदस्यों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उसे आगे बढ़ाने पर चर्चा की हुई। इस मौके पर राजेश कुमार पाण्डेय,अखिलेश तिवारी,राकेश यादव,बृजभूषण दूबे,आशुतोष चौधरी,प्रशांत तिवारी,बसंत कुमार यादव,चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## नवरात्र प्रतिपदा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खिलाड़ियों को देंगे तोहफा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खिलाड़ियों को बड़ा तोहफा प्रदान करेंगे।इस दिन मुख्यमंत्री 'महंत अवेद्यनाथ महराज स्टेडियम जंगल कौड़िया' एवं महंत अवेद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय जंगल कौड़िया परिसर में निर्मित 'सभागार' का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान सीएम योगी स्टेडियम के ग्राउंड में स्थित मंच से जनसभा को भी संबोधित करेंगे। शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा के प्रथम दिन सोमवार को सुबह 11 बजे लोकार्पण समारोह एवं जनसभा आयोजित होगी। इस कार्यक्रम के मद्देनजर खेल निदेशक आरपी सिंह जहां डेरा डाल चुके हैं।वही, शनिवार को जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश,सीडीओ संजय मीना,राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर डीबी सिंह एवं एसपी ट्रेफिक डॉ महेंद्र पाल सिंह ने कार्यक्रम की तैयारियों का जाएजा लिया।सीएम योगी आदित्यनाथ के सुरक्षा के मद्देनजर सभी विन्दुओं पर विचार विमर्श भी किया गया। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर डीबी सिंह ने बताया कि महंत अवेद्यनाथ महराज स्टेडियम जंगल कौड़िया का निर्माण का शुभारंभ सितंबर 2019 में शुरु हुआ था, 10.16 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया गया है।इस स्टेडियम में 250 व्यक्तियों बैठने के लिए पवेलियन एवं 300 मीटर का 8 लेन का सिन्थेटिक्स रनिंग ट्रैक निर्मित किया गया है। इसके अलावा 15 गुणे 15 मीटर का कुश्ती ग्राउंड, चाहरदीवारी,पम्प हाउस एवं सड़क एवं जलनिकासी का कार्य किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त महंत अवेद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय जंगल कौड़िया में 5.80 करोड़ की लागत से 462 व्यक्तियों की क्षमता का सभागार निर्मित किया गया है।इस सभागार में दो ग्रीन रूम,दो रिहर्सल रुम, वीवीआईपी रुम एक,कुश्ती, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस हाल,पुरुष,महिला एवं दिव्यांग के लिए प्रसाधन का निर्माण किया गया है। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे जिसके लिए रविवार की सुबह से तैयारियां शुरू हो जाएंगी।

## राजनीतिक दलों में जिस तरह से कायस्थ समाज की उपेक्षा की जा रही है आने वाले समय में इसका एहसास लोगो को दिलाएंगे: महेश चंद्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा पूरे प्रदेश में तेजी से संगठन का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में वाराणसी में संगठन का विस्तार किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर इंद्रसेन श्रीवास्तव की अगुवाई में कार्यकारिणी के लोगों को शपथ दिलाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के बीजेपी के यशस्वी अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव,विशिष्ट अतिथि डॉ मुकेश श्रीवास्तव कार्यकारी रास्ट्रीय अध्यक्ष अभाकाम,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू श्रीवास्तव,पूर्वांचल अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, प्रदेश संगठन मंत्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव,एवं बहुत सारे प्रदेश पदाधिकारीभी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि महेश श्रीवास्तव ने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि संस्था बहुत तेजी से पूरे देश में काम कर रही है और आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि बहुत जल्द ही है हम पूरे देश में एक बार फिर से अपने समाज की गरिमा मय उपस्थिति का लोगों को एहसास कराएंगे। जिस तरह से राजनीति में कायस्थों की उपेक्षा की जा रही है आने वाले समय में हम इसका भी एहसास तमाम राजनीतिक दलों को अवश्य कराएंगे। वही प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्द्रसेन श्रीवास्तव ने अपने समाज के लोगों को जोड़ते हुए कहा कि हमारा समाज बुद्धिजीवी वर्ग है और



हमें आपस में मिलजुल कर रहने की आवश्यकता है हम पूरे प्रदेश और देश के कायस्थों को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं और जल्दी एक कायस्थ का सम्मेलन करने की कार्य योजना बनाई जा रही है हम लोगों की बढ़ती सक्रियता और समाज में हमारे सहभागिता को देखते हुए अब राजनीतिक दलों में हलचल शुरू हो गई है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि जल्द ही पूरे पूर्वांचल के कायस्थों को एक मंच पर एकत्रित कर पुणे एक बार कायस्थों की आन बान शान को समाज में स्थापित किया जाएगा जिससे कि कायस्थ समाज को लोग हल्के में ना लें सभी एकजुट हैं।अंत मे सभी अतिथियों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव एवं उनकी टीम को हार्दिक बधाई दिया । इस अवसर पर प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव सभासद प्रदेश सचिव श्रीकांत श्रीवास्तव व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।उक्त आशय की जानकारी महासभा के प्रदेश प्रवक्ता दीपक श्रीवास्तव पत्रकार द्वारा दी गई।

## जौनपुर को मिला 4जी उत्तर प्रदेश स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर के केराकत ब्लाक में प्राथमिक विद्यालय बाँसबारी एवं के. डी. स्पोर्ट्स कराटे एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन कस्बे के एक मैरिज हाल में किया गया। इस चौंपियनशिप में 11 जनपदों जिसमे कानपुर, लखनऊ, फर्रुखाबाद, बाराबंकी, बुलंदशहर,भदोही, वाराणसी,



मिर्जापुर, फतेहगढ़, इलाहाबाद, जौनपुर से कुल 240 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रदेश के कई जनपदों से चलकर आए हुए बेसिक शिक्षा परिषद के बच्चे और बच्चियों ने प्रतिभाग किया। चैंपियनशिप का उद्घाटन मिशन शिक्षण संवाद जौनपुर के एडमिन राजेश कुमार उपाध्याय के द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर हुआ। सहायक अध्यापक साबेन्द्र यादव ने दीप ज्योति मंत्र का उच्चारण कर कार्यक्रम की गरिमा में चार चांद लगाया। कार्यक्रम के बीच में सभी मुख्य अतिथियों ने अपने विचारों को रखते हुए बच्चों को प्रेरित किया और ऐसे कार्यक्रम समाज के हर बच्चे और बच्चियों के आत्मरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। सावेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि हम शिक्षक आई ए एस बड़े आसानी से दे सकते हैं परंतु देश के लिए एक टीम के लिए कुछ खिलाड़ियों को देना बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। मुख्य अतिथि डॉ लाल बहादुर सिद्धार्थ ने कहा कि खेल से बच्चों के शारीरिक विकास के साथ–साथ निर्णय लेने की क्षमता ,नेतृत्व क्षमता, सामाजिक भावनात्मक जुड़ाव, टीम भावना आदि गुणों को जागृत करता है। मुख्य अतिथि डॉ हरिनाथ यादव का कहना था कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद भी आवश्यक है और ऐसे आयोजन समय–समय पर होते रहने चाहिए। चैंपियनशिप में जनपद जौनपुर प्रथम स्थान पर रहा, भदोही द्वितीय तथा कानपुर की टीम तीसरे स्थान पर रही। सभी विजेता बच्चों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कोंच सोनू यादव, सुभाष फौजी एवं मार्गदर्शन वीरेंद्र प्रताप यादव प्रधानाध्यापक एवं मुख्य अतिथि डॉ हरीनाथ यादव, डॉक्टर लाल बहादुर सिद्धार्थ ,डॉक्टर एस पी यादव तथा अजय कुमार यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक विनय कुमार मौर्या एवं नवीन मौर्या के द्वारा किया गया और कार्यक्रम में सहयोगी के रुप में ब्लॉक के कई अध्यापक उपस्थित रहें।

## पहली अक्टूबर से गोरखपुर जंक्शन पर 5 मिनट कम रुकेंगी ये 40 ट्रेनें : बड़े बदलाव की तैयारी में रेल प्रशासन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पहली अक्तूबर से गोरखपुर जंक्शन पर 40 ट्रेनों का ठहराव 5 मिनट कम हो जाएगा। इन ट्रेनों का स्टॉपेज 15 मिनट की बजाये 10 मिनट का होगा। जंक्शन पर प्लेटफार्मों के हमेशा पैक रहने की समस्या को देखते हुए रेल प्रशासन एक अक्तूबर से बड़े बदलाव की तैयारी में जुटा है। कृषक, अवध, नौतनवा–दुर्ग, बापूधाम, सप्तक्रांति, जनसाधारण और चंपारण हमसफर को छोड़कर गोरखपुर से गुजरने वाली शेष लगभग 40 ट्रेनें गोरखपुर जंक्शन पर 15 मिनट की जगह 10 मिनट ही रुकेंगी। इन सभी ट्रेनों के स्टापेज में पांच मिनट की कटौती की जा रही है। इस बदलाव से सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि प्लेटफार्म पांच मिनट पहले ही खाली हो जाएगा। इससे आउटर पर खड़ी ट्रेनों को आसानी से लाइन क्लीयर मिल सकेगा। दो साल बाद छप रहा है टीएजी ट्रेन एट ए ग्लांस कोविड के चलते बीते दो साल से बंद ट्रेन एट ए ग्लांस (टीएजी) की छपाई दोबारा हो रही है। इस बार एक अक्तूबर को रेलवे टाइम टेबल नए कलेवर में आएगा। इसकी कीमत 30 रुपये की बजाय 100 रुपये होगी।



यह टाइम टेबल ई–टीएजी के रूप में भी उपलब्ध होगा। प्रति डाउनलोड 30 रुपये शुल्क लिया जाएगा। टाइम टेबल प्रकाशित करने और बुक स्टॉलों पर वितरित कराने की जिम्मेदारी आईआरसीटीसी को दी गई है। एनई रेलवे के मुख्य्य जनसम्घ्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि नए टाइम–टेबल में गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज की टाइमिंग को भी ऑप्टिमाइज किया जा रहा है। गोरखपुर स्टेशन पर क्विक वाटरिंग सिस्टम लग जाने से स्टॉपेज का समय घटाया जा सकता है।

## जल्द ही जाम से निजात मिल जायेगी –जिलाधिकारी जौनपुर

जौनपुर सू.वि. : जिला मुख्यालय की सड़कों के विकास की कार्ययोजना को नए सिरे से तैयार किया जा रहा है। अब जल्द ही पूरे मुख्यालय को रिंग रोड की सौगात मिल जाएगी और जनपद में रेलवे क्रासिंग की वजह से लगने वाले जाम से निजात मिल जायेगी, जिसकी कार्ययोजना को सोमवार को अंतिम रूप जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में दिया गया। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी के निजी सचिव दीपक पाठक, मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग आलोक कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी (भू–राजस्व) रजनीश राय की उपस्थिति में एक उच्चस्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग 135 जौनपुर अयोध्या मार्ग में जौनपुर–खेतासराय–शाहगंज में बाईपास बनाने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य रूप से जौनपुर नगर को भारी वाहनों के आवागमन से मुक्त करने की कार्ययोजना तैयार की गई। प्रस्तावित रिंग रोड वाराणसी–लखनऊ हाइवे के हौज सिरकोनी से निकलकर धर्मापुर के पास केराकत मार्ग में मिलेगा। इसी रोड को विस्तारित करते हुए आजमगढ़ मार्ग में केशवपुर रेलवे क्रासिंग के आगे मिला दिया जाएगा। आजमगढ़ मार्ग से संपर्क के बाद रिंग रोड को शाहगंज मार्ग में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पास मिला दिया जाएगा। इसी क्रम में पूर्व में प्रस्तावित जौनपुर अयोध्या मार्ग को विस्तारित करते हुए जौनपुर नगर के पश्चिमी इलाको को जोड़ते हुए यह मार्ग लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रयागराज जाने वाले मार्ग में मिला कर सम्पूर्ण जौनपुर नगर को चौतरफा बाहर से सड़क से आच्छादित किये जाने की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। खेतासराय कस्बा और शाहगंज कस्बा के लिए भी बाईपास बनाये जाने के सम्बन्ध में चर्चा हुई, दोनो कस्बों के बाईपास बनाते हुए आगे शाहगंज–सुल्तानपुर रोड से जोडा जायेगा, जिसे आगे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से मिला दिया जायेगा, जिसकी वजह से इन कस्बों में लगने वाले जाम से निजात मिल जायेगा। उपरोक्त रोड के बन जाने से बाहरी जनपद से दूसरे जनपद में जाने वाले भारी और हल्के वाहन नगर सीमा के बाहर से गंतव्य तक जा सकेंगे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अपनीं निंदा को धैर्य से सुनना चाहिए, यह साबुन का काम करती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कनाडा में सिर उठाता कट्टरपंथ : भारत से संबंधों पर असर

भारत सरकार ने कनाडा को वहां बढ़ रही भारत–विरोधी ताकतों के खिलाफ चेतावनी दी थी। लेकिन कनाडा सरकार ने खालिस्तान जनमत संग्रह को अपने देश के कानूनी मानकों के भीतर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक बताकर रोकने से इनकार कर दिया।

भारत और कनाडा के संबंध खटाई में पड़ते नजर आ रहे हैं। दोनों देशों के बीच कड़वाहट बढ़ने की पूरी आशंका दिखाई दे रही है, क्योंकि भारत को लग रहा है कि कनाडा अपने देश में चल रही खालिस्तानी गतिविधियों पर नरम रुख अख्तियार कर रहा है। वैसे इस तरह की घटनाएं तो अनेक हुई हैं, लेकिन इनमें सबसे महत्वपूर्ण है 19 सितंबर को ब्रैंपटन, ओन्टारियो में संपन्न हुआ खालिस्तान जनमत संग्रह, जिसमें एक लाख से अधिक कनाडाई सिखों ने हिस्सा लिया। इसका आयोजन खालिस्तान समर्थक समूह सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने किया था, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं वोट देने के लिए कतारों में खड़े थे और सोशल मीडिया ऐसी तस्वीरों से भरा पड़ा था। यह जनमत संग्रह 2020 में ही प्रस्तावित था, पर कोविड–19 के चलते इसे मुल्तवी करना पड़ा था। एसएफजे को भारत में 2019 में प्रतिबंधित कर दिया गया था। कनाडा में दस लाख से अधिक भारतीय रहते हैं। पंजाब के बाद यदि सबसे ज्यादा सिख कहीं बसते हैं, तो वह है कनाडा, जहां की 15 फीसदी आबादी सिख है।

भारत सरकार ने कनाडा को वहां बढ़ रही भारत–विरोधी ताकतों के खिलाफ चेतावनी दी थी। लेकिन कनाडा सरकार ने खालिस्तान जनमत संग्रह को अपने देश के कानूनी मानकों के भीतर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक बताकर रोकने से इनकार कर दिया। चिंता की बात यह है कि अकेले कनाडा में ही नहीं, बल्कि कट्टरपंथी खालिस्तानी तत्व पूरे उत्तरी अमेरिका और यूरोप में भी अपनी विचारधारा के लिए राजनीतिक समर्थन पाने की कोशिश कर रहे हैं। विश्व सिख संगठन और सिख्स फॉर जस्टिस जैसे खालिस्तान समर्थक संगठनों की गतिविधियों के विश्लेषण से खालिस्तान मकसद के पुनरुद्धार के लिए धन संग्रह और सोशल मीडिया प्रचार जैसे प्रयासों का खुलासा हुआ है। एक सहानुभूतिपूर्ण राजनीतिक दृष्टिकोण ने सिख कट्टरपंथियों को 1984 के दंगों को 'नरसंहार' के रूप में घोषित करने, सिख समुदाय के आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए जनमत संग्रह करने और यहां तक कि खुले तौर पर भारत की आलोचना करने के लिए प्रोत्साहित किया है। कुछ भारतीय मूल के सांसदों ने खालिस्तान से जुड़े मुद्दों को उठाने से इनकार कर दिया है।

इससे पहले अगस्त में सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास की दीवारों पर खालिस्तान के नारे लिखे पाए गए थे, यह घटना तब हुई, जब भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के मद्देनजर प्रतिबंधित खालिस्तानी समूह ने एक भड़काऊ बयान जारी किया। भारत में स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले, खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू ने हाल ही में प्रमुख स्थानों पर खालिस्तानी झंडा फहराने के लिए नकद इनाम की घोषणा की। विदेशों में गुरुद्वारों से आने वाले धन ने पंजाब में अलगाववादी प्रयासों को आवश्यक ईंधन प्रदान किया है। यूरोप और उत्तरी अमेरिका में बैसाखी और सिखों के अन्य महत्वपूर्ण त्योहारों पर प्रवासी सिखों द्वारा गुरुद्वारों में किए गए असंख्य दान को सामाजिक कल्याण गतिविधियों की आड़ में पंजाब के खालिस्तान समर्थक संगठनों की ओर मोड़ दिया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने ऐसे ही एक मामले में बब्बर खालसा अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी समूह से जुड़े सिख ऑर्गेनाइजेशन फॉर प्रिजनर वेलफेयर का पर्दाफाश किया है। इन संगठनों ने धन के प्रवाह को बनाए रखने के लिए नए तरीके ईजाद कर लिए हैं, जिनमें हवाला और कूरियर नेटवर्क का उपयोग शामिल है।

खालिस्तान समर्थक गतिविधि ने फिर से 2014 में तब गति पकड़ी, जब दमदमी टकसाल ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान मारे गए जरनैल सिंह भिंडरावाले और अन्य आतंकवादियों के लिए स्वर्ण मंदिर परिसर में एक स्मारक बनाया। राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के मुखर विरोध के बावजूद वे इस स्मारक के मुद्दे पर अड़े रहे। समय के साथ ये आपत्तियां समाप्त हो गईं। आज स्थिति यह है कि अकाल तख्त (जो सिख धर्म का सर्वोच्च स्थान है) के बगल में स्थित इस स्मारक पर रुके बिना स्वर्ण मंदिर की यात्रा अधूरी मानी जाती है। खालिस्तान की मांग दोहराने के पीछे की वजह 1984 में भारत के कुछ शहरों, खासकर दिल्ली में हुए नरसंहार को बताया जा रहा है। वह दंगा 31 अक्तूबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा की गई हत्या के विरोध में हुआ था। उस नरसंहार के जिम्मेदार चंद कांग्रेसी नेताओं पर तत्काल कोई कानूनी कारवाई नहीं हुई थी। 1984 के आरोपियों पर अगर कोई कार्रवाई हुई, तो मौजूदा सरकार के शासनकाल में। इतने वर्षों में उस कांड के कई गवाह मर चुके हैं और इस वजह से अब कोई कानूनी कारवाई हो पाना बहुत मुश्किल है। फिर भी निहित स्वार्थी तत्व इसे बेवजह हवा देकर माहौल खराब करने में लगे हुए हैं।

आश्चर्य नहीं कि लंबे समय से कई वरिष्ठ खालिस्तानी नेताओं को पनाह देने वाले पाकिस्तान को इसमें एक अवसर दिखा है। भारतीय खुफिया एजेंसियों की रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान इंटर–सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) ने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स और बब्बर खालसा इंटरनेशनल जैसे समूहों को पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों को चलाने और यूरोप व उत्तरी अमेरिका में सिख कट्टरपंथियों के साथ संपर्क बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। भारत–विरोधी प्रचार के हिस्से के रूप में अलगाववादियों के जत्थे ननकाना साहिब और पाकिस्तान के अन्य गुरुद्वारों में अपने खास मकसद से यात्रा करते हैं। पिछले साल भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान, कनाडा, ब्रिटेन और इटली स्थित अलगाववादी गुटों से जुड़े आठ से अधिक खालिस्तानी मॉड्यूलों को बेअसर किया था।

पंजाब के भीतर खालिस्तानी भावना के इस पुनर्जागरण में 1980 और 1990 के दशक के दोहराव की आशंका नहीं है, क्योंकि वहां के आम लोगों का अब कट्टरपंथियों को समर्थन नहीं मिल रहा है। फिर भी यह हिंसा की छिटपुट घटनाओं को जन्म देता है, जैसे कि पिछले दो वर्षों में हिंदू और अन्य सामाजिक–धार्मिक समूहों को लक्षित कर हमलों की एक शृंखला चलाई गई, जिसमें छह लोग मारे गए। ये कट्टरपंथी तत्व कानून–व्यवस्था की समस्या पैदा कर सकते हैं। पंजाब पहले से ही कृषि संकट, बेरोजगारी और नशे की लत से जूझ रहा है। पाकिस्तान से समर्थन पाने वाले इन कट्टरपंथी तत्वों के भारत विरोधी प्रचार और उनके राजनीतिक दबदबे को कम करना एक बड़ी चुनौती होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बाल रामलीला का शुभारंभ

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर,चौक,शाहाबाद द्वारा संचालित बाल रामलीला का शुभारंभ उच्च शिक्षा राज्य मंत्री के प्रतिनिधि व पुत्र आदि तिवारी ने पूजन अर्चन के साथ किया। इस मौके पर जय श्री राम के नारों से वातावरण गूंजता रहा। श्री बाल रामलीला के 50 में वर्ष में प्रवेश करने पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी को रामलीला का शुभारंभ करना था परंतु वह अपरिहार्य कारणों के चलते नहीं पहुंच सकी। उनके पुत्र आदि तिवारी ने बाल रामलीला के मंच पर पहुंचकर दीप प्रज्वलन किया और गणेश जी का पूजन, आरती करके रामलीला का श्रीगणेश किया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच रामलीला शुभारंभ के बाद विजय आदर्श रामलीला पार्टी अयोध्या के कलाकारों ने राम जन्म, नारद मोह और पृथ्वी की पुकार लीलाओं का सफल मंचन किया। रामलीला शुभारंभ के मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उमेश गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत



किया गया। संरक्षक मुरारी लाल गुप्त ने मुख्य अतिथि आदि भाई तिवारी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस मौके पर कमेटी के सभी संरक्षक, महामंत्री बासु वर्मा, ज्ञानेंद्र अवस्थी, देवेंद्र गुप्ता, शिवनंदन वर्मा, अभय सिंह, मनोज राठौर सहित बड़ी संख्या में बाल रामलीला कमेटी के सदस्य तथा भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर सभी बूथों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक अधिष्ठान एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता भारतीय राजनीति के संत पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर जिले के सभी बूथों पर पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें स्मरण किया गया। इसके साथ ही आज महीने के आखिरी रविवार प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी प्रत्येक बूथ पर सुना गया। इसी क्रम में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ग्राम उधरनपुर में मंत्री नितिन अग्रवाल हरदोई नगर के आर्य कन्या बूथ पर जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज सवायजपुर विधानसभा के सैदापुर में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती हरदोई के आदर्श विद्यालय



शक्ति केंद्र पर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू गौरखेड़ा में श्याम प्रकाश भडायल में प्रभास कराही में आशीष सिंह बंदीपुर में रामपाल वर्मा ज्ञानपुर में अलका अर्कवंशी शिवपुरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती कार्यक्रम में मौजूद रहकर पुष्पांजलि अर्पित की।

# टोडरपुर के अमित सिंह बने पुनः ब्लॉक अध्यक्ष

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ टोडरपुर द्वारा आयोजित ''निपुण भारत मिशन गोष्ठी,ब्लॉक अधिवेशन एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह ब्लॉक सभागार टोडरपुर में श्री अवधेश दीक्षित पूर्व प्र.अ. जूनियर हाई स्कूल करावां की सभाध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय एवम प्रान्तीय अध्यक्ष योगेश त्यागी ,विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सुनीता त्यागी ,अतिथि के रूप में जनपदीय कोषाध्यक्ष श्री उदय शंकर मिश्र उपस्थित रहे। अधिवेशन पर्यवेक्षक के रूप में जनपदीय संयुक्त मंत्री श्री अरुण कुमार शुक्ला एवम जनपदीय संयुक्त मन्त्री श्री मनोज कुमार ने उपस्थित रहकर प्रत्येक पद पर एक ही नामांकन आने की स्थिति में अपने कुशल पर्यवेक्षण में निर्विरोध निर्वाचित ब्लॉक इकाई की घोषणा की ।सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवम शिक्षकों द्वारा निपुण भारत मिशन अभियान को सफल बनाने एवम सरकार के उद्देश्य को पूरा करने हेतु अपना सहयोग करने का आश्वासन दिया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक श्रीमती उमा पाण्डेय,सुधा दीक्षित,श्री अवधेश दीक्षित व रामप्रकाश त्रिपाठी को सम्मानित किया गया ।मुख्य अतिथि ने सभी सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षकों से समय समय अपना मार्गदर्शन व योगदान देने का अनुरोध किया। जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता त्यागी ने सर्व सम्मति से निर्विरोध निर्वाचित कार्यकारिणी को पद का प्रमाण पत्र वितरित कर गोपनीयता की शपथ दिलायी ।जनपदीय कोषाध्यक्ष श्री उदय शंकर मिश्र ने अपने उद्‌बोधन में संगठन की एकता पर बल देते हुए सभी को एक जुट रहने की अपील की। जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता त्यागी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि हम सभी एक जुट होकर रहें क्योंकि संगठन में शक्ति होती



है और आप सभी संगठन की शक्ति हैं। आपको किसी भी स्तर पर प्रताड़ित नहीं होने दिया जायेगा ।राष्ट्रीय एवम प्रान्तीय अध्यक्ष माननीय योगेश त्यागी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि संगठन वह शक्ति है जिससे कोई भी असम्भव कार्य सम्भव हो सकता है ।उन्होंने बताया कि अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में पदोन्नतियां एवम स्थानांतरण प्रारम्भ होने की प्रक्रिया शासन स्तर पर गतिमान है ।संगठन आपके कार्यों हेतु समर्पित एवं वचनबद्ध है। नव निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने अपने उद्‌बोधन सभी आए हुए अतिथियों शिक्षक भाई बहनों एवम पत्रकार बन्धुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कहा कि ब्लॉक इकाई शिक्षा,शिक्षक और शिक्षार्थियों की प्रगति हेतु संकल्पित है किसी शिक्षक भाई बहन का उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा ।कार्यक्रम का संचालन नागेंद्र वर्मा ने किया। निर्विरोध नव निर्वाचित कार्यकारिणी निम्नवत है प्रदीप कुमार संरक्षक अमित कुमार सिंह अध्यक्ष,सुनील कुमार सिंह मंत्री, शिवप्रसाद श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, दिनेश पाल सिंह उपाध्यक्ष ,मिथलेश कुमारी महिला उपाध्यक्ष ,अनिल कुमार सिंह उपाध्यक्ष,राजवीर सिंह उपाध्यक्ष ,ब्रजकिशोर संयुक्त मन्त्री ,अमित तिवारी संयुक्त मन्त्री ,सत्येंद्र पाल सिंह संयुक्त मन्त्री ,सोमनाथ संयुक्त मंत्री, दीपक कुमार गुप्ता लेखाकार,रोशनलाल आय व्यय निरीक्षक चुने गए।

# नगर के रुहट्टा–कालीकुत्ती संपर्क मार्ग का जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : नगर के रुहट्टा–कालीकुत्ती संपर्क मार्ग का सोमवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान टूटी सड़क व खराब सफाई व्यवस्था पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के प्रति नाराजगी जाहिर की और कहा कि जल्द से जल्द डोर–टू–डोर कूड़ा उठाने व खराब स्ट्रीट लाइट ठीक करने का निर्देश दिया गया। नवरात्रि खत्म होते ही जल निगम को सीवर पाइप लाइन डालने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जगदीश गुप्ता के घर से त्रिभुवन नाथ उपाध्याय के घर से पीछे अनुसूचित जाति बस्ती पहुंचे, यहां पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में लोगों के घर बनाने के बाद नाम न लिखवाने पर नगर पालिका ईओ को निर्देश दिया कि डूडा से समन्वय बैठाकर नाम लिखवाने का कार्य करें साथ ही बस्ती में सफाई न होने पर नाराजगी जताई, कहा कि प्रतिदिन झाड़ू लगाने के साथ ही डोर–टू–डोर कूड़ा उठना चाहिए। सड़क पर कूड़ा फेंकने व घरों का मलबा सड़क फेंकते हुए मिला तो उस पर जुर्माना लगाने का नगर पालिका ईओ को निर्देश दिया। नालियों पर चबूतरा बनाने से नालियों की सफाई में आ रही बाधा पर अतिक्रमण करने वालो को नोटिस देते हुए अतिक्रमण वाले हिस्से को तोड़ने का निर्देश दिया साथ ही कहा कि कोई भी मोहल्लेवासी नाली को ढककर न रखें व अतिक्रमण न करें। टूटी सड़क की शिकायत पर जलनिगम के अधिशासी अभियंता सचिन सिंह को निर्देश दिया कि नवरात्रि में पूरी गलियों में पाइप डालने का ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया जाए, जिससे अगले दिन से ही काम शुरू कराया जा सके। उन्होंने नगर पालिका परिषद को टूटी सड़कों व नालियों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय को निर्देशित किया कि मलिन बस्तियों को चिन्हित करते हुए अगले 02 दिन में बृहद साफ–सफाई के कार्य कराए जाएं। इस अवसर पर जल निगम के अधिशासी अभियंता सचिन सिंह, नगर पालिका परिषद जौनपुर के अधिशासी अधिकारी संतोष मिश्रा, सफाई निरीक्षक हरिश्चंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## श्री दरबार साहिब अमृतसर से बस में आए सवारी साहिब 220 श्री गुरु ग्रंथ साहिब का स्वागत शबद– कीरतनो व जयकारों से किया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अवध कॉलेजिएट एवम सरदार भगत सिंह कॉलेज ऑफ हायर एजूकेशन मोहान रोड के द्वारा आयोजित श्री दरबार साहिब अमृतसर से बस में आए सवारी साहिब 220 श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का स्वागत शबद– कीरतनो व जयकारों से किया ।जिसमें लखनऊ की मेयर माननीया श्रीमती संयुक्ता भाटिया जी ने अमृतसर से आये मुख्य ग्रंथी व लखनऊ की संगत का स्वागत गर्म जोश के साथ के किया। बाबा जी की सवारी पर फूलों की वर्षा की गई। केन्द्रीय सिंह सभा आलमबाग गुरूद्वारा एवम् विद्यालय प्रबंधक श्री सर्वजीत सिंह ने बताया इस प्रकार की सेवा को करने के लिए सभी शिक्षकों ने व विद्याथियो ने पूरा योगदान दिया । विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जतिंदर वालिया ने कहा हम सब गुरु ग्रंथ साहिब जी के दर्शन करके धन्य हो गए उन्होंने सभी आई संगत का धन्यवाद



किया। संयुक्त निर्देशिका श्रीमती ब्रह्मजोत कौर ने सभी अध्यापकों एवम उपस्थित साद संगत को जलपान ग्रहण कराया । बच्चों ने सवारी साहिब जी के आगमन पर ''जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल ''का जयकारे लगाकर बहुत गर्म जोश से स्वागत किया।

## न्यू उत्कर्ष आईएएस के बच्चों एवं शिक्षकों ने की मां दुर्गा की पूजा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। न्यू उत्कर्ष आईएएस के शिक्षकों के संयोजन में नवरात्रि के पहले दिन मातारानी की पूजा अर्चना की गई तथा मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया गया जिसमें प्रमुख रूप से न्यू उत्कर्ष आईएएस के सभी शिक्षकों का योगदान रहा। मैनेजिंग डायरेक्टर अतुल दुबे,जगदीश चतुर्वेदी,अमरेंद्र खरवार ने कहा कि भावी रूप से तैयारी कर रहे बच्चो को मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ और उन्हें जीवन में मुख्य रूप से आगे बढ़ने में हौसला प्राप्त हुआ तथा अपने जीवन में संस्कार को भी पूर्ण रूप से साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। अभिषेक पाण्डेय,रंजीत खरवार



सहित तमाम विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 2 अक्टूबर को भारत के सभी जिला कार्यालयों पर शराबबंदी का दिया जाएगा ज्ञापन –मुर्तुजा अली

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। शराब मुक्त प्रदेश बनाने के लिए संघर्षरत शराबबंदी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक लोहिया भवन नरही में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता आर्य समाज के प्रधान देवेंद्र पाल वर्मा जी ने किया बैठक में आए सभी पदाधिकारियों द्वारा शराब मुक्त देश बनाने का सामूहिक संकल्प लेकर संघर्ष को निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया गया। आगामी 2 अक्टूबर 2022 गांधी जयंती पर न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि लगभग 13 राज्यों में मुख्यमंत्रियों को संबोधित ज्ञापन पत्र जिला अधिकारियों के द्वारा भेजा जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक सुल्तान सिंह ने प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से रामराज्य की स्थापना के लिए प्रदेश में शराबबंदी का कानून बनाने की मांग करते हुए कहा कि आप प्रदेश की मां–बहनों का सम्मान करने वाले मुख्यमंत्री हैं और राज्य में महिलाओं का सर्वाधिक उत्पीड़न उनके शराबी पतियों के द्वारा होता है। उनके घर की अर्थव्यवस्था को चौपट करने वाला शराब का ही



देन है। सबसे बड़ा कारण है प्रदेश अध्यक्ष मुर्तजा अली सिद्धकी ने सरकार से अयोध्या, मथुरा, काशी, प्रयागराज तथा चित्रकूट जैसे तमाम धार्मिक स्थानों को तत्काल शराब मुक्त करने की मांग की। बैठक को संबोधित करने वालों में नेशनल यूथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार सिंह ने का 2 अक्टूबर को लखनऊ में करेंगे सत्याग्रह कामरेड राम किशोर, मोहम्मद अफाक , डॉक्टर आरबी लाल, दबीर उल हसन, धर्मराज रमेश सिंह, जी.सी. राजकुमार सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे और अपनी बातों को बैठक में रखा।

## नवरात्र के प्रथम दिन मां शीतला का दर्शन करने हेतु उमड़ा भक्तों का रेला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सोमवार से शारदीय नवरात्रि शुरू होते ही हर जगह माता के दर्शन को श्रद्धालूओं की भीड़ उमड़ पड़ी है लेकिन जौनपुर में नवरात्रि के दिन का खास महत्व होता है ।जौनपुर की माता शीतला चौकिया का दर्शन पूर्वांचल के लोंगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। नवरात्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ माता के दर्शन करने जौनपुर की पौराणिक शीतला माता चौकियां में उमड़ रही है । अगर किसी को मॉ विन्ध्यवासिनी का दर्शन करना है तो उसके पहले मॉ शीतला का दर्शन जरूरी है उसके बाद ही मॉ विन्ध्यवासिनी के दर्शन का महत्व है। लोगों की आस्था इस बात से भी देखी जा सकती है कि दिल्ली, मुम्बई जैसी जगहों से यहॉ मॉ के दर्शन को खिंचे चले आते हैं। पूर्वांचल के लोगो की आस्था का केंद्र मॉं शीतला चौकिया धाम में यूॅ तो हर समय दर्शनार्थियों का आना जाना लगा रहता है लेकिन नवरात्र के अवसर पर यहाँ हजारो की संख्या में लोग अपनी मनोकामना लेकर माता के दर्शन को आते है । लोगो की मन्यता है की माता शीतला का दर्शन करने के बाद ही मॉ विन्ध्यवासिनी का दर्शन किया जाता है। सुबह से ही भक्तों का सैलाबध मॉ शीतला चौकिया के दर्शन को कतार लगाए खड़ा हो गया। माता की एक झलक पाने के लिए लोग ललायित दिख रहे है । मॉ शीतला के भक्तों की श्रद्धा यहॉ तक है कि वे अपने बच्चों के मुन्डन संस्कार के लिए दिल्ली तक से खिंचे चले आते हैं। माता शीतला की महिमा से हर किसी को इतनी श्रद्धा है कि यहॉ खड़ा हर श्रद्धालू अपनी–अपनी मनोकामना की पूर्ती के लिए हाथ जोड़ घंटों बैठे प्रार्थना करता रहता



है। माता के दर्शन को आने वालों का विश्वास इतना अटल है कि उनको पता है यहॉ आने का मतलब हर मनाकामना की पूर्ति होना है। वही माता का दर्शन करने आये भक्त इन्देश राय रानी यादव पूजा श्रीवास्तव आरती श्रीवास्तव खुसबू श्रीवास्तव मनोज पटेल अजीत सिंह आदि का कहना है कि माता के दर्शन करने वालो भक्तो को माँ कभी खाली नही भेजती लोग अपनी अपनी मनोकामनाए लेकर दरबार में आते है और उनकी सभी मनोकामनाए पूरी होती है। माता के दर्शन को पहुची प्रिया और प्रीति ने बताया की उनके कोई औलाद नही थी और उन्होंने माँ शीतला से मन्नत मांगी और उनके एक बेटी पैदा हुई जिसका मुंडन करने करने के लिए वो माता के दरबार में आई है। हजारो साल पुराने इस पौराणिक मंदिर में हर साल हजारो की संख्या में श्रद्धालु आते है और माता के दरबार में कढाई चढाते है और बच्चो का मुंडन संस्कार भी कराते है । ऐसी मान्यता है कि मंदिर के पास बने तालाब में नहाने से कुष्ट जैसे रोग से छुटकारा मिल जाता है।। माता के दर्शन कर लेने के बाद श्रद्धालुओं की आगे की यात्रा के सफल होने की गारन्टी हो जाती है। इसीलिए वाराणसी, सोनभद्र, बलिया, आजमगढ़, गाजीपुर, गोरखपुर जैसे पूर्वांचल के जिले से श्रद्धालू जब मॉ विन्ध्यवासिनी के दर्शन को निकलते हैं तो पहले माता शीतला के दर्शन कर के ही अपनी यात्रा आगे बढ़ाते हैं। मंदिर के पुजारी आनंद तिवारी ने बताया कि नवरात्र के दिनों में तो पूजा–पाठ और व्रत का खास महत्व है ही लेकिन मॉ शीतला के दर्शन के बिना जौनपुर और दूर–दराज के जिलों के श्रद्धालू अपनी भक्ती को पूर्ण नहीं पाते। ऐसी मान्यता है कि माता शीतला खुद से यहां निकली है नवदुर्गा में यह सबसे छोटी बहन है। खास बात यह भी है कि लोग खासकर महिलाएं अपने साज श्रृंगार कर माता का दर्शन नहीं करती हैं। नवरात्रि में मां का दर्शन करने के लिए विदेशों में भी जौनपुर के बसे लोग मां के दरबार में हाजिरी जरूर लगाते हैं।

## हाईवे किनारे झाड़ियों में महिला का अधजला शव मिलनें से फैली सनसनी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्सा थाना क्षेत्र के सवंशा गांव के पास वाराणसी लखनऊ हाईवे किनारे पर रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गयी जब ग्रामीणों ने एक महिला का अधजला शव फेका देखा हत्या का साक्ष्य मिटाने के लिए उसके चेहरे व गले को भी जला दिया गया। ग्रामीणों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में शिनाख्त के लिए रखवा का मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना क्षेत्र के सवंशा गांव के कुछ ग्रामीण रविवार सुबह हाईवे के किनारे टहलने गए थे। तभी वहां एक लाश मिली यह देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो करीब 35 वर्ष की महिला की हत्या कर चेहरे को जलाया गया है। शव पायेजाने की सूचना पर मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर संत प्रसाद उपाध्याय,थानाध्यक्ष बक्सा त्रिवेणी सिंह ,फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच जांच में जुट गई।महिला नीले रंग का चेकसलवार व लालरंग की कमीज पहने हुए है हाथ में ब्रेसलेट व दो चूड़ी पहने हुए हैं। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सीओ सदर ने बताया कि सवंसा गांव के पास हाईवे के किनारे एक महिला का जला हुआ शव मिला है जिसकी सूचना पीआर बी को मिली तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच कर



जांच पड़ताल शुरू किया तो प्रथम दृश्य यह पता चल रहा है कि महिला का कहीं और हत्या कर यहां पर हाईवे के किनारे लाकर फेंका गया है और साक्ष्य मिटाने के लिए महिला का चेहरा भी जलाने का प्रयास किया गया है मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाकर जांच कराई जा रही है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है। हाईवे किनारे मिली लाश को लेकर जहां ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और लोग लाश को लेकर तमाम तरह की कवायद लगा रहे हैं तो वहीं पुलिस भी इस मामले में फूंक–फूंक कर कदम रखते हुए शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। महिला का शव यहां कैसे आया यह फोरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा स्थानीय लोगों में शव को पाए जाने को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं भी व्याप्त हैं।

## एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता रहे पं.दीनदयाल : प्रो.नंदलाल मिश्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर रविवार को संकाय भवन में दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर कुलपति ने पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच थी कि आर्थिक योजनाओं तथा आर्थिक प्रगति का माप समाज के ऊपर की सीढ़ी पर पहुंचे हुए व्यक्ति नहीं, बल्कि सबसे नीचे के स्तर पर विद्यमान व्यक्ति से होगा." तभी देश प्रगति कर सकेगा। उन्हीं के आदर्शों को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार आज भी अंतिम व्यक्ति के उत्थान में लगी हुई है। इस अवसर पर प्रो.देवराज सिंह, डॉ.संतोष कुमार, डॉ. राजकुमार, डॉ. रसिकेश डॉ अनुराग मिश्र डॉ विनय कुमार वर्मा, डॉ. प्रमोद कुमार कौशिक पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस बीच दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ की ओर से आयोजित एकात्म मानव दर्शन स्वीकार्यता और संतुलन विषय पर वेबीनार में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि व्यक्ति के मन, बुद्धि एवं आत्मा का समुच्चय ही एकात्म मानव दर्शन है। यह एक ऐसी धारणा है जो सर्पिलाकार मंडल आकृति द्वारा स्पष्ट की जा सकती है। इसके केंद्र में व्यक्ति, परिवार, समाज,



जाति, राष्ट्र, विश्व और फिर अनंत ब्रह्मांड को अपने में समाविष्ट किए हैं। वेबीनार में बतौर मुख्य अतिथि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष प्रो. नंदलाल मिश्र ने कहा कि पंडित दीनदयालजी एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता रहे उन्होंने अंत्योदय के विचार को अस्पष्टता और दृढ़ता के साथ समाज के सामने रखा । वह पूंजीवाद निजीकरण व व्यक्तिवाद के विरोधी थे। उनका मानना था कि बाजारवाद ने भारत की पारिवारिक व्यवस्था को गहरी चोट दी है। वर्तमान में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंडित दीनदयाल के एकात्म मानव दर्शन पर चलने की आवश्यकता है। वेबीनार में अतिथियों का स्वागत और विषय प्रवर्तन शोध पीठ के अध्यक्ष प्रो.मानस पांडेय और संचालन डॉ अनुराग मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रो.अशोक कुमार श्रीवास्तव, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ राजकुमार, डॉ.गिरिधर मिश्र, डॉ नितेश जायसवाल, डॉ विजय तिवारी, डॉ. इंद्रेश गंगवार आदि उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी द्वारा जिला सलाहकार समिति व जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति/जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद के वार्षिक ऋण योजना के किसी क्षेत्र में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं केनरा बैंक की प्रगति कम मिलने पर नाराजगी व्यक्त की और सुधार लाए जाने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने का सहयोग करें। सरकार के द्वारा लाभार्थियों की सही सूचनाएं समय से उपलब्ध कराया जाए। बैंठक में एलडीएम उमाशंकर ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि नाबार्ड द्वारा जिले में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अन्तर्गत ऋण की संभाब्यता के आधार पर वर्ष 2022–23 हेतु जनपद के लिए ऋण योजना हेतु कुल 2588.88 करोड़ की संभाब्यता का अंकलन किया गया है जो वर्ष 2021–22 से 11.5 प्रतिशत अधिक है और भारत सरकारधरिजर्व बैंक आफ इंडिया के दिशा–निर्देशों के अनुरुप वित्तीय सहायक एवं ऋण परामर्श केन्द्र, यूनियन बैंक आफ इंडिया, तथा काशी गोमती संयुक्त बैंक के द्वारा लगातार वित्तीय साक्षरता दी जा रही है। जून 2022 तक कुल 58041 व्यक्तियों को परामर्श की सुविधा दी जा चुकी है और इनमें से अधिकांश लोगो को बैंक के किसी न किसी उत्पाद के साथ जोड़ा जा चुका है। एलडीएम को निर्देश दिया कि सख्ती से लक्ष्यों को पूर्ण कराये। पीएम किसान निधि का सत्यापन चल रहा है जिसकी सूचना लाभार्थियों को बैंक जल्द से जल्द उपलब्ध करा दे। ऋण



अनुपात 32.15 प्रतिशत है जिसे 60 प्रतिशत किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिये गये। जिलाधिकारी ने एलडीएल को निर्देश दिया कि लोन अधिक से अधिक दिया जाएं। लीड बैंक की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि योजना बनाकर ऋण अनुपात बढ़ाये। जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देशित किया कि यह बैठक अब प्रतिमाह की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर बैंक शाखाओं के साथ बैठक कर समीक्षा करें। सरकारी योजनाओं में अच्छी प्रगति लाये और अगली बैठक में जनप्रतिनिधियों को भी सम्मिलित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद में सेवारत बैंक मित्र, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि आत्मनिर्भर योजना, बैंक अतिदेयों एवं वसूली के सम्बन्ध में भी समीक्षा की गयी और शत–प्रतिशत लक्ष्य प्रति का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी0बी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 राजेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित समस्त बैंक के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## फार्मेसी संस्थान में मनाया गया फार्मासिस्ट दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में रविवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य पी सी राय के प्रतिमा पर माल्यार्पण




फार्मेसी के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने किया। इस अवसर पर डॉ विनय वर्मा ने कहा कि फार्मासिस्ट दिवस समाज के स्वास्थ्य सेवा वितरण में फार्मासिस्ट के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करने और पुरस्कृत करने के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है। हर साल फार्मासिस्ट के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए एक नई थीम फार्मासिस्ट यूनाइटेड इन एक्शन फॉर द वर्ड है जो बहुत उपयुक्त हैं जो दर्शाता है। कार्यक्रम का आयोजन एवं धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर धर्मेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर पोस्टर एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम में बी फार्मा एवम डी फार्मा के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें प्रथम विजेता आयुष मौर्य द्वितीय विजेता पिंटू यादव, दिलीप कुमार राजभर तृतीय विजेता विशाल कुमार गोंड को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति नए भारत के लिए वरदान –कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय एवं श्री श्री रविशंकर रूलर डेवलपमेंट ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के परिपेक्ष्य में रविवार को वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को नए भारत के लिए वरदान बताया। ऑर्गेनिक फार्मिंग पर उन्होंने कहा कि हमारी पौराणिक परंपरा जिसमें देसी गाय के गोबर को लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। अगर समाज ऑर्गेनिक खेती करना प्रारंभ करता है तो उनके आय में वृद्धि होगी। कुलपति प्रो मौर्य ने योगा इंस्ट्रक्टर पुस्तक का विमोचन किया। पद्मभूषण श्री श्री रविशंकर जी द्वारा ऋषि एवं कृषि के संवर्धन पर किए जा रहे कार्यों पर समस्त प्राचार्य एवं प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय द्वारा किए गए समझौते के क्रियान्वयन का निर्देश दिया। वेबीनार में ऑर्गेनिक फार्मिंग के मास्टर ट्रेनर बालकृष्ण यादव जी ने ऑर्गेनिक फार्मिंग मे छात्रों को रोजगार एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योगदान हेतु प्रशिक्षण विधि के विषय में विस्तार से बताया। विश्वविद्यालय से समझौते के तहत श्री श्री रविशंकर रूलर डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा इच्छुक छात्रों को ऑर्गेनिक फार्मिंग एवं योगा इंस्ट्रक्टर के विषय में प्रशिक्षण देंगे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज कुमार पांण्डेय ने कहा कि एक वर्ष से इस समझौते ज्ञापन के लिए उनका प्रयास था जिससे विश्वविद्यालय के समस्त छात्रों को नेशनल हायर एजुकेशन कॉलिंग फाइंड फ्रेमवर्क के अंतर्गत रोजगार परक शिक्षा मिल सके। ट्रस्ट की सेक्रेटरी तपस्या पुरी ने बताया कि प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा प्रमाणित लेवल 4 का प्रमाण पत्र भी दिया जाएग जो रोजगार हेतु सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं में मान्य होगा। कार्यक्रम में प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, डॉ अरुण सिंह, प्रो.ज्ञानेंद्रधर दुबे,घ्डॉ माया सिंह, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ. वंदना सिंह, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## डॉ जान्हवी श्रीवास्तव को भारतीय बौद्ध संघ ने किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर सामाजिक समरसता एवं महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में पंडित दीनदयाल स्मृति सम्मान 2022 से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की डॉ जान्हवी श्रीवास्तव को भारतीय बौद्ध संघ ने रविवार को सम्मानित किया है । यह सम्मान महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए कई वर्षों से किए गए प्रयासों का प्रतिफल है। यह सम्मान उन्हें आज 25 सितम्बर 2022, विज्ञान भवन के मौलाना आजाद रोड नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में दिया गया । आपको बता दें कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सत्यनारायण जाटिया मुख्य संरक्षक, मेंबर ऑफ पार्लियामेंट राज्यसभा, फॉर्मर यूनियन मिनिस्टर गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, श्री दुष्यंत कुमार गौतम संरक्षक सदस्य मेंबर ऑफ पार्लियामेंट, (राज्यसभा) नेशनल जनरल सेक्रेट्री भारतीय जनता पार्टी, श्रीमती कृष्णा राज संरक्षक, फॉर्मर एग्रीकल्चर मिनिस्टर, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, श्री सुरेश पासी, संरक्षक, स्टेट मिनिस्टर ऑफ सुगरकेन, डेवलपमेंट, गवर्नमेंट ऑफ उत्तर प्रदेश रहे । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है।

## प्रस्तावित मार्गों के विभिन्न क्षेत्रों के प्रस्ताव के बारे में बिन्दुवार चर्चा की गयी

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता एव अपर जिलाधिकारी (भू–राजस्व) रजनीश राय की उपस्थिति में मा0 मंत्री सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग के व्यक्तिक सहायक दीपक पाठक, मुख्य अभियन्ता राष्ट्रीय राजमार्ग ए0के0 पाण्डेय, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग



प्रान्तीय खण्ड एव निर्माण खण्ड, अधिशासी अभियन्ता सेतु निगम व राष्ट्रीय राजमार्ग के विभिन्न अधिकारियों की उपस्थिति में एन0एच0 135 के जौनपुर अयोध्या मार्ग तथा जौनपुर, शाहगंज, खेतासराय बाईपास के प्रस्तावित कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा उक्त प्रस्तावित मार्गों के विभिन्न क्षेत्रों के प्रस्ताव के बारे में बिन्दुवार चर्चा की गयी। चर्चा में निणर्य हुआ कि अन्य जनपद से आने वाले भारी/हल्के वाहनों जौनपुर शहर में प्रवेश न होने दिया जाये। इस दृष्टिकोण से राष्ट्रीय राजमार्ग ने अपनी बाईपास योजना तथा जौनपुर, खेतासराय के बाईपास का रिएलाइमेन्ट प्रस्तावित किया गया। प्रथम दृष्टया प्रस्ताव जनपद के विकास के लिए तथा जौनपुर के नगरीय जीवन को निर्बाध बनाने हेतु स्वीकार करने योग्य है। भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग की इस योजना को अत्यन्त प्रभावी एवं जनसुविधाजनक बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी एंव मा0 मंत्री जी के व्यक्तिक सहायक का जौनपुर के विकास में सहयोग देने हेतु आभार व्यक्त किया।

## पं० दीन दयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र का आदर्श हम सभी को प्रेरित करता है:गिरीश चंद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा रहा है उसी क्रम आज 25 सितंबर को एकात्मवाद एवं अंत्योदय के प्रणेता प० दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती के अवसर पर जनपद के प्रेक्षागृह सहित सभी तहसील, विकास खण्डों, ग्रामो, नगर क्षेत्रों में जिला प्रशासन के कुशल दिशा–निर्देशन में जिला पंचायत राज विभाग और सूचना विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षाग्रह में मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण को सकुशल संपन्न कराया गया और उपस्थित सभी ने प्रधानमंत्री जी के मन की बात को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में माननीय राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री जी द्वारा मन की बात के माध्यम से आमजनमानस को प्रेरित किया गया। उन्होंने पं० दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मक, मानव दर्शन व अंत्योदय के विचार को साझा करते हुए सभी को प्रेरित किया। मन की बात के माध्यम से नामीबिया से भारत आये चीते, दिव्यांगो के लिए शासन द्वारा किये गये प्रयास, योग से शारीरिक, मानसिक लाभ तटीय क्षेत्रो में समुद्री प्रदूषण को दूर करने मे आमजनमानस की भागीदारी, युवा वालपेन्टिंग, लोकल फार वोकल, खादी प्रयोग, हैण्डलूम, हैण्डीक्राप्ट आदि के संदर्भ में महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक जानकारी देकर प्र आमजनमानस को प्रेरित किया। प्रधानमंत्री जी ने 02



अक्टूबर को महात्मा गांधी के जयन्ती को धूमधाम से मनाने के साथ स्थानीय वस्तुओ को जीवन मे शामिल करने का कहा, जिससे आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके साथ ही शारदीय नवरात्र और आगामी त्योहार की शुभकामनाए दी।राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव जी ने अपने उद्बोधन में पंडित दीनदयाल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल जी ने अपने जीवन काल में समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए जो सपना देखा उसे आज साकार किया जा रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि पं० दीन दयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र का आदर्श हम सभी को प्रेरित करता है।सूचना विभाग द्वारा प्रेक्षागृह में उपस्थित सभी लोगो को उत्तर प्रदेश संदेश नामक पुस्तक का वितरण किया गया, कार्यक्रम का संचालन अपर कृषि अधिकारी डॉ रमेश यादव ने किया।इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, पर्यटक अधिकारी मीनाक्षी यादव उपस्थित रही।

## पंडित दीनदयाल जैसी विभूति का जन्म हिंदुस्तान में हुआ यह हम सभी भारत वासियों के लिए गर्व का विषय है : अशोक श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : "एकात्म मानववाद के प्रणेता, जनसंघ के संस्थापक,शुचिता के आधारस्तंभ, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, राष्ट्र ऋषि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एक महान चिंतक और कुशल संगठनकर्ता थे। उनके जैसी महान विभूति का जन्म हिंदुस्तान में हुआ यह हम सभी भारत वासियों के लिए गर्व का विषय है।" उपरोक्त बातें पूर्व जिला अध्यक्ष व लोकसभा संयोजक अशोक कुमार श्रीवास्तव ने शक्ति केंद्र रामनगर में उपस्थित कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए कही। संगोष्ठी का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री व सभासद सरस गोंड के आवास पर किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती भाजपा जौनपुर नगर दक्षिणी के सभी बूथों पर मनाई गई। बूथों पर मनाई जाने वाली जयंती में सभी बूथ अध्यक्ष गण, शक्ति केंद्र संयोजक, नगर के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। पूर्व प्रदेश महामंत्री व विधान परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर जी ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल जी की मान्यता थी कि हिंदू कोई धर्म या संप्रदाय नहीं बल्कि भारत की राष्ट्रीय संस्कृति है। पूर्व विधायक श्री सुरेंद्र प्रताप सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को बताया कि जब पंडित जी को 1968 में जनसंघ के अध्यक्ष पद पर बैठाया गया तो जनसंघ का संदेश लेकर वह दक्षिण भारत तक गए और लखनऊ से राष्ट्रधर्म नामक पत्रिका का संपादन कर जनसंघ और अपने विचारों को घर–घर तक पहुंचाया। नगर अध्यक्ष श्री अमित कुमार श्रीवास्तव ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप से प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद की प्रगतिशील विचारधारा देने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय उत्कृष्ट संगठनकर्ता व नेता थे। सभासद दल के नेता नन्द लाल यादव ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल जी का मानना था कि गरीबों को रोटी देने की बजाय उन को रोटी पैदा करने की ताकत देना जरूरी है। संगोष्ठी की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव ने की।



कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री सतीश सिंह त्यागी ने किया। आए हुए अतिथियों का आभार नगर उपाध्यक्ष डॉ कमलेश निषाद ने प्रकट किया। संगोष्ठी के पूर्व भाजपा जौनपुर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष श्री पुष्पराज सिंह जी के नेतृत्व में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री गिरीश चंद्र यादव जी की गरिमामय उपस्थिति में खरका कॉलोनी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी के पश्चात उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर प्रमुख रूप से निवर्तमान नगर अध्यक्ष आशीष गुप्ता, सोशल मीडिया जिला संयोजक सिद्धार्थ राय, राकेश सिंह, रिशु सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्र, जय विजय सोनकर, बसंत प्रजापति, राजेश कनौजिया, अभिषेक श्रीवास्तव, दीपक मिश्रा ,संदीप जायसवाल,सुधांशु विश्वकर्मा, रोहित प्रजापति, राहुल निषाद,जगमेंद्र निषाद, विपिन सिंह, महेश गुप्ता, पंकज श्रीवास्तव, मोहित कश्यप, आलोक श्रीवास्तव ,जटाशंकर त्रिपाठी, मनीष श्रीवास्तव, ओबीसी मोर्चा के नगर अध्यक्ष शिव कमल मौर्य, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती सीमा तिवारी, प्रियंका श्रीवास्तव, हरेंद्र गोंड, बृजेश गौड़, शिव कुमार मौर्य, संतोष मौर्य, योगेश गोंड, आकाश, मनोज गौड़, प्रेमा देवी, प्रमिला, सोनम गोंड, काजल, ध्रुव राज गौतम, परमानंद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद के तत्वाधान में जनपद स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत विकास परिषद के तत्वाधान में जनपद स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन गुलाबी देवी इंटर कॉलेज कन्हैयापुर जौनपुर मैं हुआ जिसमें 10 –15 विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कियास प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम स्थान पर बीआरपी इंटर कॉलेज जौनपुर की छात्राओं ने परचम लहराया और जनक कुमारी इंटर कॉलेज जौनपुर की छात्राओं को द्वितीय स्थान तथा राज कान्वेंट इंटर कॉलेज जौनपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआस बीआरपी इंटर कॉलेज की संगीत अध्यापिका मंजू देवी जी के प्रयास से एवं प्रधानाचार्य डॉ सुभाष चंद्र सिंह के निर्देशन से यह प्रतियोगिता छात्राओं द्वारा परचम लहराते हुए विद्यालय के गौरव गरिमा को स्थापित किया इसके लिए विद्यालय परिवार गौरवान्वित और प्रफुल्लित होते हुए शुभकामना व्यक्त किया प्रतियोगिता के अध्यक्षता डॉ उदय राज सिंह प्रधानाचार्य मुख्य माननीय अतिथि अजय कुमार श्रीवास्तव पूर्व जिला जज विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ मनमोहन



श्रीवास्तव डॉ राम नयन सिंह निर्णायक मंडल डॉक्टर जीसी चतुर्वेदी डॉक्टर दल सिंगार सिंह गायिका शैली गगन , ज्योति श्रीवास्तव रही और विभिन्न विद्यालयों के संगीत अध्यापिका एवं अध्यापक शिक्षक गण छात्र–छात्रा गण उपस्थित होकर कार्यक्रम की गुणवत्ता का अनुभूति महसूस किए।

## नवरात्रि में नवदुर्गा स्वरूप के पहले दिन देवी के शैलपुत्री स्वरूप की उपासना : जाने पौराणिक कथा

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। नवरात्रि में पहले दिन देवी के शैलपुत्री स्वरूप की उपासना की जाती है।पर्वतराज हिमालय की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पूर्वजन्म में शैलपुत्री नाम सती था और ये भगवान शिव की पत्नी थीं।सती के पिता दक्ष प्रजापति ने भगवान शिव का अपमान कर दिया था और तब सती ने अपने आपको यज्ञ अग्नि में भस्म कर लिया था। आश्विन माह शुक्ल पक्ष के शारदीय नवरात्रि का आज से शुभारंभ हो गया है,इसे शक्ति प्राप्त करने वाली नवरात्रि भी कहते हैं। नवरात्रि में पहले दिन देवी के शैलपुत्री स्वरूप की उपासना की जाती है।पर्वतराज हिमालय की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पूर्वजन्म में शैलपुत्री का नाम सती था और ये भगवान शिव की पत्नी थीं।सती के पिता दक्ष प्रजापति ने भगवान शिव का अपमान कर दिया था और तब सती ने अपने आपको यज्ञ अग्नि में भस्म कर लिया था। अगले जन्म में यही सती शैलपुत्री स्वरूप में प्रकट हुईं और भगवान शिव से फिर विवाह किया। मां शैलपुत्री की पूजा का महत्व नवरात्रि में मां शैलपुत्री की पूजा करने से जीवन के समस्त संकट, क्लेश और नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। पान के एक पत्ते पर लौंग सुपारी मिश्री रखकर मां शैलपुत्री को अर्पण करने से आपके जीवन की हर इच्छा पूर्ण हो सकती है। नवरात्रि के प्रथम दिन उपासना में साधक अपने मन को मूलाधार चक्र में स्थित करते हैं. शैलपुत्री की पूजा से मूलाधार चक्र जागृत होता है और अनेक सिद्धियों की प्राप्ति होती है। देवी के पहले स्वरूप का पूजन नवरात्रि में सुबह और शाम दोनों वेला पूजा, आराधना और आरती करनी चाहिए। पहले नवरात्र पर मां शैलपुत्री की प्रतिमा या चित्र को लकड़ी के पटरे पर लाल या सफेद वस्त्र बिछाकर स्थापित करें। मां शैलपुत्री को




सफेद वस्तु बहुत प्रिय है, इसलिए मां शैलपुत्री को सफेद वस्त्र या सफेद फूल अर्पित करें,सफेद बर्फी का भोग लगाएं और एक साबुत पान के पत्ते पर 27 फूलदार लौंग रखें।इसके बाद मां शैलपुत्री के सामने घी का दीपक प्रज्वलित करें और एक सफेद आसन पर उत्तर दिशा में मुंह करके बैठें, ऊं शैलपुत्रये नमः मंत्र का 108 बार जाप करें। जाप के बाद सारी लौंग को कलावे से बांधकर माला का स्वरूप दें। अपने मन की इच्छा बोलते हुए यह लौंग की माला मां शैलपुत्री को दोनों हाथों से अर्पण करें।ऐसा करने से आपको हर कार्य में सफलता मिलेगी। पारिवारिक कलह हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे। शैलपुत्री की पूजा के बाद करें ये उपाय नवरात्रि के पहले दिन दोपहर के समय लाल वस्त्र धारण करें,फिर देवी को लाल फूल और लाल फल अर्पित करें। आप ताम्बे का सिक्का भी अर्पित कर सकते हैं। इसके बाद ''ऊं दुं दुर्गाय नमः '' या ''ऊं शैलपुत्रये नमः'' मंत्र का जाप करें। इसके बाद सूर्य के मंत्र ''ऊं ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः'' का कम से कम तीन माला जाप करें, इसके बाद तांबे का छल्ला धारण करें। ये उपाय करने से आपकी कुंडली में सूर्य प्रबल हो जाता है।

## राम नगरी अयोध्या में रामलीला कराने का अवसर मिलने पर अपने को मान रहे सौभाग्यशाली –सुभाष मलिक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या की रामलीला''के फाउंडर सुभाष मलिक ने पत्रकार वार्ता में कहा कि मुझे बड़ी खुशी है कि राम नगरी अयोध्या में अयोध्या की रामलीला का यह तीसरा संस्करण होने जा रहा है।ये सब आप सब पत्रकारों के सहयोग की वजह से अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला हो गई है।आप पत्रकारों ने और भगवान राम के भक्तों ने अयोध्या की रामलीला को विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बनाया। जिसमें प्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री इस बार मां शबरी की भूमिका निभायेगी। वही भगवान राम के रोल में राहुल भूचर नजर आएंगे। अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला को दूरदर्शन पर आज सोमवार से शाम 7 से 10 बजे डेली लाइव देखाया जाएगा और रेट्रो , यूपी दूरदर्शन ,नेशनल यूट्यूब और सोशल मीडिया पर डेली लाइव और 7 से 10 बजे तक दिखाया जाएगा और विश्व भर में 25 सितंबर से 5 अक्टूबर दशहरे के दिन में 3 से 6 बजे तक दिखाया जायेगा।रामलीला का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह जी और 29द सितंबर तारीक को शुभारंभ करेगे।जिसमें प्रदेश के शिक्षा मंत्री सतीश चंद्र द्विवेदी ,30द सितंबर को उत्तर प्रदेश सरकार मंत्री (स्वतत्र प्रभार मंत्री) आयुष दयाशंकर दयाल करेंगे।वही इसी कड़ी में तारीक को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ,2 अक्टूबर 2022 तारीक को उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और 3 अक्टूबर को 2022 तारीक को उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या करेगे। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है, जहां 2020 में 16 करोड़, और 2021 में बाईस करोड़ से ज्यादा अयोध्या की रामलीला का लाइव टेलीकास्ट दूरदर्शन और कई सेटेलाइट चौनल और सोशल मीडिया यूट्यूब पर होता है।इस मौके पर अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक जी ने बोला अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम के आशीर्वाद से होती हैं।इसका आयोजन भगवान श्री राम के आशीर्वाद से होता है !इसमें मेरे मित्र गुफी पेंटल नारद मुनि की भूमिका निभा रहे है।वही मेरे मित्र गिरजा शंकर ( राजा दशरथ श्री राम जी के पिताश्री जी की भूमिका निभा रहे है, भाग्यश्री,राकेश बेदी, रजा मुराद, गुफी पेंटल,और कई बॉलीवुड की महान हस्तियां अयोध्या की रामलीला में काम कर रही हैं। भगवान श्री राम के आशिर्वाद से अयोध्या कि रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। भगवान श्री राम के भक्तो ने इसे विश्व की सबसे



बड़ी रामलीला बनाया है।इस मौके पर अयोध्या कि रामलीला कमेटी के क्रिएटिव डायरेक्टर व जनरल सेक्रेटरी शुभम मलिक ने बोला की अयोध्या कि रामलीला में इस बार 1600 फुट काद्द एलईडी सेट तैयार हैद्द जिसपर बॉलीवुड की कई महान हस्तियां अयोध्या कि रामलीला में काम कर रही हैं। इस मौके पर अयोध्या कि रामलीला कमेटी के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मालिक(बॉबी) ने बताया अयोध्या कि रामलीला का अयोजन दिनांक 25 सितंबर से 5अक्टूबर 2022 तक अयोध्या में हर वर्ष कि तरह लाइव देख पाएंगे।इस वर्ष अयोध्या कि रामलीला का तीसरा संस्करण होगा। जिसको लाइव दिखाया जाएगा। शाम 7 से रात 10 बजे तक दूरदर्शन पर देख पाएंगे।, रवि किशन जी केवट, विंदू दारा सिंह जी हनुमान, गजेंद्र चौहान राजा जनक,, शाहबाज खान रावण,गुफी पेंटल जी नारद मुनि, गिरजा शंकर जी दशरथ, कपिल शर्मा शो की बुआ जी उपासना सिंह जी कैकेई, दीक्षा रैना जी सीता, राहुल बुचर राम , रजा मुराद महर्षि विश्वामित्र की भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर मौजूद थे, अयोध्या कि रामलीला कमेटी के चेयरमैन राकेश बिंदल,और वॉइस चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, वॉइस चेयरमैन कैप्टन राज माथुर, वॉइस चेयरमैन अनुज अग्रवाल, संरक्षक सात प्रकाश राणा ,सरंक्षक पवन वत्स ,उपाध्यक्ष दीपक भगचंदनी जी ने बोला अयोध्या कि रामलीला 25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक अयोध्या में तीसरा संस्करण होने जा रहा है। हमारे लिए यह बड़ी खुशी की बात है।भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में अयोध्या कि रामलीला का आयोजन होता है। इस मौके पर अयोध्या की रामलीला में मुख्य भूमिका निभा रहे राहुल भूचर( श्री राम की भूमिका ) ने बोला अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम के आशीर्वाद होती है! और इसको दुनिया के कोने कोने में भगवान श्री राम के भक्त देखते हैं।इस मौके पर सीता की भूमिका निभा रही दीक्षा रैना जी ने बोला कि मैं अपने आपको बड़ा भाग्यशाली मानती हूं की में अयोध्या की रामलीला में माता सीता की भूमिका निभा रही हूं।

## रामनगरी के बंदरों पर रिसर्च कर रहे अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक : प्राकृतिक अभ्यारण में होगा वास

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) राम नगरी अयोध्या में पाए जाने वाले बंदरों को भी अयोध्या में स्थान मिलेगा। जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के एनजीओ के वैज्ञानिको को लगाया गया है। जो इनकी प्रजातियों पर रिसर्च कर रहे हैं। दरसल राम की नगरी को उसकी गरिमा के अनुरूप सजाने और संवारने का काम केंद्र व प्रदेश सरकार कर रही है। ऐसे में त्रेता की अयोध्या की परिकल्पना को साकार करने का काम योगी सरकार तेजी के साथ कर रही है। लेकिन बंदरों के आतंक के कारण योजना ही नहीं प्रभावित हो रही हैं बल्कि आन वाले श्रद्धालुओं को भी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर अब अयोध्या के बंदरों के लिए एक अभ्यारण बनाया जाएगा। अयोध्या में मिलने वाले बंदरों की धार्मिक मान्यता है कि जब लंका विजय करने के बाद जब भगवान श्री राम अयोध्या लौटे तो उनके साथ बड़ी संख्या में बंदरों की सेना भी अयोध्या आये थे। और यही कारण है कि बंदरों के साथ अयोध्या ही नहीं पूरे देश के लोगों की भावना का भी जुड़ाव है लोग बजरंगबली के तौर पर इनकी पूजा अर्चना करते हैं ऐसे में इन उत्पाती बंदरों से नगर को सुरक्षित करते हुए इन बंदरों को संरक्षित करने का काम योगी सरकार करने जा रही है उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या में एनिमल जोन निर्माण कर शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों के अलावा बंदरों के अभ्यारण की भी जगह तय की जाएगी और बंदरों को सुरक्षित प्राकृतिक माहौल में रखा जाएगा।

## विश्व की सबसे बड़ी रामलीला फिल्मी सितारों से सजी अयोध्या राम नगरी में 25 सितंबर से 8 अक्टूबर 2022 तक शुरू

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या की रामलीला''के फाउंडर सुभाष मलिक जी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बोला की मुझे बड़े हर्ष के साथ कहा अयोध्या की रामलीला का यह तीसरा संस्करण होने जा रहा है और समय का पता ही नी चला ,ये सब आप सब पत्रकारों के सहयोग की वजह से अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला हो गई है।जो पत्रकारों ने और भगवान राम के भक्तों ने अयोध्या की रामलीला को विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बनाया और आज फाइनल फूलड्रेस रेहसल है ,जिसमे भाग्यश्री जी मां शबरी के रोल में नजर आई और भगवान राम के रोल में राहुल भूचर जी नजर आए ,अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला को दूरदर्शन पे 7 से 10 बजे डेली लाइव देखाया जाएगा और रेट्रो , यूपी दूरदर्शन ,नेशनल यूट्यूब और सोशल मीडिया पर डेली लाइव और 7 से 10 बजे तक दिखाया जाएगा और विश्व भर में दीनाक 25 सितंबर से 5 अक्टूबर दशहरे के दिन समय 3 से 6 दिखाया जायेगा, 28/09/2022 तारीक की रामलीला का शुभारंभ करेंगे उत्तर प्रदेश के संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह जी और 29/09/2022 तारीक को सुभारंभ करेगे यूपी के शिक्षा मंत्री सतीश चंद्र द्विवेदी जी ,30/09/2022 तारीक को उत्तर प्रदेश सरकार मंत्री (स्वतत्र प्रभार मंत्री) आयुष श्री दयाशंकर दयालु जी करेंगे,1/10/2022 तारीक को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा जी ,2/10/2022 तारीक को उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी और 3/10/2022 तारीक को उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी करेंगे .जो अयोध्या में लक्ष्मण किला नदी के किनारे किया जाता हैं। अयोध्या की रामलीला का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी और माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह जी के सहयोग से अयोध्या की रामलीला का आयोजन होता है। हमारा एक ही उद्देश्य है की भगवान श्री राम की रामलीला को सभी राम भक्त घर पर बैठकर देख पाएं। इसलिए हम विभिन्न जगहों पर अयोध्या की रामलीला की प्रेस कांफ्रेंस करते हैं। अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है, 2020 में 16 करोड़, और 2021 में बाईस करोड़ से ज्यादा अयोध्या की रामलीला का लाइव टेलीकास्ट दूरदर्शन और कई सेटेलाइट चौनल और सोशल मीडिया यूट्यूब पर होता है।इस मौके पर अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक जी ने बोला अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम के आशिर्वाद से होती हैं।इसका आयोजन भगवान श्री राम के आशिर्वाद से होता है !इसमें मेरे मित्र गुफी पेंटल नारद मुनि की भूमिका निभा रहे है।और मेरे मित्र गिरजा शंकर ( राजा दशरथ श्री राम जी के पिताश्री जी की भूमिका निभा रहे है, भाग्यश्री,राकेश बेदी, रजा मुराद, गुफी पेंटल,और कई बॉलीवुड की महान हस्तियां अयोध्या की रामलीला में काम कर रही हैं।




भगवान श्री राम के आशिर्वाद से अयोध्या कि रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। भगवान श्री राम के भक्तो ने इसे विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बनाया है। अयोध्या कि रामलीला में सबसे बड़ा सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के सहयोग से अयोध्या की रामलीला का आयोजन हो पाया है।और उनका सहयोग हमारे पर रहता है,हम बड़े भाग्यशाली है, और अयोध्या कि रामलीला इस वर्ष अपने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड देगी,2020 में सोलह करोड़ से ज्यादा भगवान राम भक्तो ने इसे देखा था।2021 मे बाईस करोड़ से ज्यादा राम भक्तो ने देखा था।इस बार हमे पुरी उम्मीद है, भगवान श्री राम के आशिर्वाद से अयोध्या कि रामलीला पिछले सारे रिकॉर्ड तोड देगी। इस मौके पर अयोध्या कि रामलीला कमेटी के क्रिएटिव डायरेक्टर व जनरल सेक्रेटरी शुभम मलिक ने बोला की अयोध्या कि रामलीला में इस बार 1600 फुट का स्क्र सेट तैयार हो रहा हैं।और बॉलीवुड की कई महान हस्तियां अयोध्या कि रामलीला में काम कर रही है।अयोध्या कि रामलीला कमेटी के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मालिक(बॉबी) ने बताया अयोध्या कि रामलीला का अयोजन दिनांक 25 सितंबर से 5अक्टूबर 2022 तक अयोध्या में हर वर्ष कि तरह लाइव देख पाएंगे।इस वर्ष अयोध्या कि रामलीला का तीसरा संस्करण होगा। जिसको लाइव दिखाया जाएगा। शाम 7 से रात 10 बजे तक दूरदर्शन पर देख पाएंगे।, श्री रवि किशन जी केवट, श्री विंदू दारा सिंह जी हनुमान, श्री गजेंद्र चौहान जी राजा जनक,, श्री शाहबाज खान जी रावण , श्री गुफी पेंटल जी नारद मुनि, श्री गिरजा शंकर जी दशरथ, कपिल शर्मा शो की बुआ जी उपासना सिंह जी कैकेई, दीक्षा रैना जी सीता, राहुल बुचर राम , रजा मुराद महर्षि विश्वामित्र की भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर मौजूद थे, अयोध्या कि रामलीला कमेटी के चेयरमैन राकेश बिंदल,और वॉइस चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, वॉइस चेयरमैन कैप्टन राज माथुर, वॉइस चेयरमैन अनुज अग्रवाल, संरक्षक सात प्रकाश राणा ,सरंक्षक पवन वत्स ,उपाध्यक्ष दीपक भगचंदनी जी ने बोला अयोध्या कि रामलीला 25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक अयोध्या में तीसरा संस्करण होने जा रहा है। हमारे लिए यह बड़ी खुशी की बात है।भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में अयोध्या कि रामलीला का आयोजन होता है। इस मौके पर अयोध्या की रामलीला में मुख्य भूमिका निभा रहे राहुल भूचर( श्री राम की भूमिका ) ने बोला अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम के आशीर्वाद होती है! और इसको दुनिया के कोने कोने में भगवान श्री राम के भक्त देखते हैं।इस मौके पर सीता की भूमिका निभा रही दीक्षा रैना जी ने बोला कि मैं अपने आपको बड़ा भाग्यशाली मानती हूं की में अयोध्या की रामलीला में माता सीता की भूमिका निभा रही हूं।

## शारदीय नवरात्रि की पूर्व संध्या पर शक्ति वाहिनी के संयोजन में सरयू तट से निकली कलश यात्रा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर रविवार को शक्ति वाहिनी के संयोजन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरयू तट से वरुण आह्वान के साथ भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई।मां के जयकारों के साथ शक्ति वाहिनी की अगुवाई में निकली यात्रा सरयू तट से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई छोटी देवकाली मंदिर पहुंची। यात्रा का संयोजन केंद्रीय दुर्गापूजा व रामलीला समन्वय समिति तथा शक्ति वाहिनी के संयुक्त संयोजन से किया गया। यात्रा नयाघाट, बाबू बाजार, श्रृंगारहाट, हनुमानगगढ़ी, हरिद्वारी बाजार होती हुई छोटी देवकाली मंदिर पहुंची। यात्रा का आचार्य पीठ तिवारी मंदिर के सामने महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने माता जी की आरती और बताया कि माता का अनुष्ठान प्रतिपदा को शुभ मुहूर्त में करना चाहिए और विसर्जन दशमी तिथि को ही करना चाहिए यही शास्त्रों का मत है। माता रानी के यात्रा का दर्जनों स्थानों पर स्वागत हुआ और लोगों ने पुष्प वर्षा की। इस संबंध में केंद्रीय समिति के संयोजक महंत धनुषधारी शुक्ला ने बताया कि पिछले 23 वर्षों से यह यात्रा अनवरत नवरात्रि के पूर्व संध्या पर निकाली जाती है। अध्यक्ष रमापति पांडे ने बताया कलश यात्रा सनातन परंपरा का एक अंग है जिसमें कोई अनुष्ठान प्रारंभ करने से पहले हम किसी पवित्र नदी



से जल भरते है। नवरात्रि प्रारंभ के पूर्व मां सरयू के जल का पूजन करके कलश में भरकर अपने अपने घरों मे मां की स्थापना पूजन करेंगी। शक्ति वाहिनी प्रमुख बिंदु सिंह ने बताया कि बड़े ही उत्साह के साथ माताएं बहने माता की कलश यात्रा में शामिल होती हैं और यही कलश स्थापित करके 9 दिन तक पूजा करती है। उन्होंने सभी बहनों का आभार व्यक्त किया।दुर्गापूजा समिति के प्रवक्ता भानुप्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो रहा है और इसी के साथ ही मंदिर में कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा का पूजन–अर्चन शुरू होगा। अशोक शास्त्री ने वरुण पूजन कराया।, वन्दना त्रिपाठी, पार्वती कौशल, दया मिश्रा, आंचल यादव, प्रभादेवी, अनीता सिंह, अंजू सिंह, कुमकुम दुबे, रंजना सागर, अनीता, पुष्पा, महासचिव श्री निवास शास्त्री ,मनु दास,कलश यात्रा में प्रभारी दीपचंद्र राही, देवर्षिराम त्रिपाठी ,सुरक्षा प्रभारी पंकज गुप्ता, मंगल गुप्ता, अनिल सहित सैकड़ों भाई बहनों ने भाग लिया।

## दिव्यांगजनों में वितरित किए गए कृत्रिम अंग

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र (सीआरसी) लखनऊ की ओर से प्रेस क्लब अयोध्या में दिव्यांगजनों के सहयोग के लिए कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अयोध्या लल्लू सिंह , विशिष्ट अतिथि अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक बीकापुर अमित सिंह चौहान , विधायक रुदौली रामचन्द्र यादव , भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह , महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र , जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू मौजूद रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने शिविर में आए हुए दिव्यांगजनों को उपस्कर उपकरण दिए । जिनमें 22 ट्राईसाइकिल, 30 कान की मशीन, दो व्हील चेयर, 28 बैसाखी तथा अन्य सामान शामिल रहे। इस मौके पर विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि लल्लू सिंह ने कहा गया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे विकासात्मक सप्ताह कार्यक्रमों के अन्तर्गत आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## योगी मंदिर से रहस्यमय ढंग से मूर्ति गायब : आरोपी फरार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के थाना पूराकलंदर क्षेत्र में स्थित मौर्य का पुरवा से योगी आदित्यनाथ का मंदिर से योगी आदित्यनाथ की मूर्ति रहस्यमय ढंग से गायब हो गई है।इस संबंध मे ग्रामीणों का कहना है कि रविवार दोपहर आयी पुलिस टीम ने मंदिर से मूर्ति को हटाकर अपने साथ ले गई है। इसके साथ ही साथ मंदिर में ताला लगा दिया है। हालांकि प्रशासन के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इसका मतलब यह कि यहां पर स्थापित मूर्ति रहस्यमय ढंग से गायब हो गई है। सूत्र के मुताबिक प्रभाकर मौर्य के चाचा राम नाथ मौर्य के आरोप और मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने एसडीएम सोहावल को मामले की जांच सौंपी थी। जिसके चलते एसडीएम सोहावल मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कानूनगो को पूरे मामले की जांच के आदेश दिया था। वही रविवार राजस्व विभाग और पुलिस की टीम मौर्य का पुरवा पहुंची। लेकिन बारिश के कारण माफ नहीं हुआ। सूत्र के मुताबिक इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मंदिर से मूर्ति हटा दिया था। वही इस संबंध में अयोध्या सीओ राजेश तिवारी ने बताया कि प्रभाकर का मोबाइल नंबर शनिवार से बंद आ रहा है। और वह गांव में भी नहीं मिला।वहीं दूसरी ओर मूर्ति बनाने वाले बाराबंकी के सुमित ने प्रभाकर पर आरोप लगाते हुए कहा कि मूर्ति उन्होंने बनाई है ना कि राजस्थान से बनवाई गई। वही मूर्ति बनाने में कुल 22000 का खर्च आया है। सूत्रों के मुताबिक विवाद बढ़ता देख अयोध्या प्रशासन ने मंदिर से मूर्ति हटा लिया है।ग्रामीणों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि प्रशासन ने मंदिर से मूर्ति हटाई है।भास्कर के पास ग्रामीणों द्वारा कही गई बात को लेकर साक्ष्य भी उपलब्ध है। ग्रामीणों के अनुसार प्रशासन की टीम दोपहर 11 बजे के आसपास गांव पहुंची थी।इसके बाद बारिश शुरू हो गई।इस दौरान पुलिस और अधिकारियों ने मूर्ति को गाड़ी में रखकर और मंदिर में ताला लगाकर चले गए। इस संबंध मे अयोध्या सीओ राजेश तिवारी ने कहा कि टीम मौके पर पैमाइस के लिए गई थी, लेकिन बारिश शुरू हो गई,जिसके बाद टीम वापस आ गई। सीओ ने बताया कि मूर्ति मंदिर में स्थापित है। उसे नहीं हटाया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही खबर झूठी है।योगी के मंदिर की खबर चलने के बाद बाराबंकी के सुमित ने मंदिर बनवाने वाले प्रभाकर मौर्य पर गंभीर आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि यह मूर्ति उन्होंने बाराबंकी में बनाई है ना कि इसे राजस्थान से बनाया गया है। मूर्ति 22000 में तैयार की गई है। सुमित ने यह कहते हुए मना कर दिया था कि म्यूरल आर्ट का जानकार है। मूर्ति नहीं बना पाएंगे, लेकिन प्रभाकर लगातार सुमित को मूर्ति बनाने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। इसके बाद सुमित ने 28 अप्रैल को मूर्ति बनाने का काम शुरू किया। मिट्टी और पीओपी से बनाने के बाद फाइबर से ढालकर तकरीबन दो माह में मूर्ति तैयार कर दी।आरोप है कि लागत के 22 हजार रुपये सुमित को मिले थे, जबकि 10 हजार रुपये मेहनताना अब भी बाकी है।वही सुमित ने बताया कि प्रभाकर ने कहा था कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आपकी मुलाकात करें।सुमित ने फोन पर बताया की मूर्ति एक महीने में तैयार हुई। मूर्ति के ऊपर कलयुग का राम लिखा था। इसे मूर्ति को थ्रीडी टच भी दिया था। उन्होंने बताया कि गांव में मूर्ति सेट करते समय फ्रेम ठीक से सेट नहीं हो रहा था, जिसके बाद उसे काटा गया, जिस पर लिखा था कलयुग का राम। मूर्ति 5 फीट 4 इंच की है। उन्होंने बताया कि मूर्ति तैयार करने के बाद प्रभाकर अपनी सफारी कार से आये थे। हम लोग मूर्ति को कार में पीछे डालकर अयोध्या में प्रभाकर के गांव ले गए थे।बाराबंकी के नवाबगंज तहसील के एक छोटे से गांव के रहने वाले सुमित ने बताया कि वह लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएफए का छात्र था, लेकिन अपने काम के चलते पढ़ाई छोड़ दिया।उसने बताया कि अयोध्या के एक संत को उनका पोर्ट्रेट बनाकर दिया था। संत ने उसे फेसबुक पर डालकर लोगों से मुझसे ही पोर्ट्रेट बनवाने की अपील की थी। इसके बाद अयोध्या के थाना पूराकलंदर क्षेत्र स्थित मौर्य का पुरवा निवासी प्रभाकर मौर्य ने उनसे संपर्क किया था। सुमित के अनुसार तकरीबन एक वर्ष पहले प्रभाकर ने उनसे योगी की मूर्ति बनाने को कहा था। वही सुमित ने प्रभाकर पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रभाकर ने राजस्थान से 49 हजार में मूर्ति बनवाने का दावा झूठा है। इससे पहले चाचा ने आरोप लगाया था कि मंदिर जिस जमीन पर बनी है वह जमीन सरकारी है। इसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री को एक पत्र भी भेजा था।

## मोड पर पेड़ होने के चलते घटित हो रहे हैं सड़क हादसे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर खजुरहट और बीकापुर के बीच हृदयीपुर के पास पूर्व माध्यमिक विद्यालय मरुई सहाय सिंह मोड पर स्थित पेड से वाहनों के टकराकर कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसी क्रम में रविवार भोर को भी प्रयागराज से सिद्धार्थनगर जा रही है एक एंबुलेंस पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। हादसे में एंबुलेंस में सवार एक मरीज की मौत हो गई तथा किशोर सहित एंबुलेंस चालक घायल हो गए। क्षेत्र के निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक सच्चिदानंद मिश्र सहित जागरूक लोगों का कहना है कि इसके पहले भी कार से हुई दुर्घटना मे दो लोगों की मौत हो चुकी है। जिसका प्रमाण टूटी हुई कार वहां आज भी पड़ी हुई है। प्रमाण हेतु टूटी हुई कार वहा पडी है। मोड पर पेड़ होने के कारण बचाने के प्रयास मे दुर्घटनाएं हो रही है। लोगों का कहना है कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशासन, वन विभाग व पी डबल्यू डी विभाग को कार्यवाही की जानी चाहिए।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।